समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# सोने की कीमत मे ंआई गिरावट, क्या खरीदने का सही समय है ? जाने 30 जून 2025 को आपके शहर का ताजा भाव ।

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## दिल्ली, मुंबई, बेगंलुरु समेत प्रमुख शहरों मे ंसोने के भाव मे ंकमी दर्ज, कमजोर डॉलर और वैश्विक तनाव मे ंनरमी का असर ।

**नई दिल्ली :** भारत में सोने की कीमतों में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है। **सोमवार, 30 जून 2025 को 22 कैरेट और 24 कैरेट सोने** दोनों के रेट में कमी देखने को मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि **भू-राजनीतिक तनाव** में नरमी और **वैश्विक बाजार** में डॉलर की कमजोरी इसके पीछे प्रमुख कारण हैं।

**आज का ताजा सोना भाव (10 ग्राम)**

| **शहर** | **22 कैरेट (₹)** | **24 कैरेट (₹)** |
|---|---|---|
| दिल्ली | 89,460 | 97,583 |
| मुंबई | 89,317 | 97,437 |
| बेंगलुरु | 89,305 | 97,424 |
| चेन्नई | 89,311 | 97,431 |
| कोलकाता | 89,315 | 97,435 |

देशभर में आज **24 कैरेट सोना ₹97,583 प्रति 10 ग्राम,** जबकि **22 कैरेट सोना ₹89,463 प्रति 10 ग्राम** पर कारोबार कर रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार का प्रभाव

**अंतरराष्ट्रीय बाजार** में सोमवार को **स्पॉट गोल्ड 0.3%** की तेजी के साथ **$3,281.65** प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। **अमेरिका-चीन व्यापार समझौते** और **वैश्विक अनिश्चितता** में स्थिरता के संकेत से सोने की कीमतें स्थिर हो रही हैं।

### क्या यह निवेश का सही समय है ?

विशेषज्ञों का कहना है कि कीमतों में यह गिरावट **निवेश या ज्वेलरी खरीदारी के इच्छुक लोगों के लिए एक अच्छा मौका हो सकता है**। हालांकि, यह सलाह दी जाती है कि लंबी अवधि के निवेश से पहले बाज़ार विश्लेषण और सलाह ज़रूर लें।

### अमेरिका-कनाडा व्यापार विवाद का असर

इस बीच, कनाडा द्वारा एक अमेरिकी कंपनी पर टैक्स लगाने के फैसले से नाराज़ **डोनाल्ड ट्रंप** ने कनाडा के साथ व्यापारिक वार्ता स्थगित कर दी है और **नई टैरिफ दरें लगाने की चेतावनी** दी है। यह कदम भी आगामी हफ्तों में वैश्विक कमोडिटी बाजार, खासकर सोने पर प्रभाव डाल सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.